प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 10.02.2025

थाना मुरादनगर पुलिस द्वारा धोखाधड़ी के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।

आज दिनांक 10.02.2025 को थाना मुरादनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर धोखाधड़ी के अभियोग में वांछित चल रहे अभियुक्त अरूण कुमार पुत्र स्व0 नरेश चंद्र गुप्ता निवासी पुरानी गुड़ मण्डी कस्बा व थाना मुरादनगर गाजियाबाद उम्र करीब 51 वर्ष को कासा ट्रीट्स कासा तिराहा लोधा अपर थाना क्षेत्र नारपोली जनपद भिवंडी महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमाण्ड पर लाया गया है। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण

आवेदक श्री विजय कुमार गौड़ पुत्र स्व0 श्री रमेश चपालत चंद्र गौड़ निवासी आर्यनगर थाना व कस्बा मुरादनगर गाजियाबाद की प्राप्त तहरीर पर थाना मुरादनगर पर दिनांक 20/10/2023 को धारा-420/406/504/506 भादवि पंजीकृत हुआ जिसमें आवेदक से अभियुक्त अरूण कुमार उपरोक्त द्वारा जमीन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर 50 लाख रूपये हड़प लिए गए थे। मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त उपरोक्त वांछित चल रहा था।

पूछताछ विवरण

पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि मैं पुरानी गुड़ मण्डी मुरादनगर का रहने वाला हूँ व प्रापर्टी डीलर का काम करके प्रापर्टी में पैसे लगाने के नाम पर रूपये लेता था। मैंने वादी विजय गौड़ से भी प्लाट दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करके रूपये हड़प लिए थे।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम/पता

अरूण कुमार पुत्र स्व0 नरेश चंद्र गुप्ता निवासी पुरानी गुड़ मण्डी कस्बा व थाना मुरादनगर गाजियाबाद, उम्र 51 वर्ष

अपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग

अभियुक्त के विरुद्ध थाना मुरादनगर पर धोखाधड़ी/ आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 व महामारी अध्यादेश 2020 का उल्लंघन/ मारपीट के 05 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम

थाना मुरादनगर पुलिस टीम

थाना लोनी बॉर्डर पुलिस द्वारा चोरी की घटनाएं कारित करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 21 मोबाइल फोन भिन्न-भिन्न कम्पनियों के, 01 लैपटॉप, 02 ईयर फोन, 01 बैग, 01 मंगलसूत्र पीली धातु, 01 जोडी पायल सफेद धातु, 04 बिच्छिया सफेद धातु, 01 लाल धागे में सफेद धातु का चांद, 01 पेन ड्राइव 32 जीबी, 04 एटीएम कार्ड, 01 ड्राईविंग लाईसेंस, 02 वोटर आईडी कार्ड बरामद।

दिनांक 09.02.2025 को थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी की घटनाएं कारित करने वाला अभियुक्त कृष्ण मोहन राय पुत्र स्व0 परमानन्द राय हालनिवासी- लक्ष्मी गार्डन, इन्द्रापुरी लोनी थाना लोनी बोर्डर गाजियाबाद मूल पता ग्राम दसौल थाना हथोडी जिला समस्तीपुर सिन्धिया बिहार को चौकी क्षेत्र लालबाग से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 21 मोबाइल फोन भिन्न-भिन्न कम्पनियों के, 01 लैपटॉप, 02 ईयर फोन, 01 बैग, 01 मंगलसूत्र पीली धातु, 01 जोडी पायल सफेद धातु, 04 बिच्छिया सफेद धातु, 01 लाल धागे में सफेद धातु का चांद, 01 पेन ड्राइव 32 जीबी, 04 एटीएम कार्ड, 01 ड्राईविंग लाईसेंस, 02 वोटर आईडी कार्ड बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर थाना लोनी बॉर्डर पर तत्काल धारा-317(2)/317(5) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>पूछताछ का विवरण-</u>

अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया कि मैं बिहार का रहने वाला हूँ इसलिये बिहार तक ट्रेन व बस में सफर करता हूँ तथा घर आते-जाते समय ट्रेन व बसों में मौका पाकर सवारियों के मोबाईल फोन व पर्स चोरी कर लेता हूँ। ये सभी सामान व मोबाईल भी मैने इसी तरह से अलग-अलग ट्रेनों व बसों से चोरी किये है, मेरे इसमे केवल दो मोबाईल है। मैं इन्ही चोरी के मोबाईल व अन्य चीजों को बेचकर अपने शौक पूरे करता हूँ। मैं लाल बाग में इन चोरी के मोबाईल व सामान को चलते-फिरते लोगों को बेचने की कोशिश कर रहा था कि आपने मुझे पकड लिया।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–</u>

कृष्ण मोहन राय पुत्र स्व0 परमानन्द राय हालनिवासी लक्ष्मी गार्डन, इन्द्रापुरी लोनी थाना लोनी बोर्डर गाजियाबाद मूल पता ग्राम दसौल थाना हथोडी जिला समस्तीपुर सिन्धिया, बिहार, उम्र 30 वर्ष।

<u>आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-</u>

अभियुक्त के विरूद्ध थाना जीआरपी कानपुर में चोरी व बरामदगी के सम्बन्ध में 02 अभियोग पंजीकृत हैं। थाना लोनी बॉर्डर पर उक्त चोरी का माल बरामदगी के संबंध में 01 अभियोग पंजीकृत किया गया है, अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

<u>बरामदगी का विवरण-</u>

21 मोबाइल फोन भिन्न-भिन्न कम्पनियों के, 01 लैपटॉप, 02 ईयर फोन, 01 बैग, 01 मंगलसूत्र पीली धातु, 01 जोडी पायल सफेद धातु, 04 बिच्छिया सफेद धातु, 01 लाल धागे में सफेद धातु का चांद, 01 पेन ड्राइव 32 जीबी, 04 एटीएम कार्ड ,01 ड्राईविंग लाईसेंस, 02 वोटर आईडी कार्ड बरामद।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस</u> टीम थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम।